देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 22 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...बढ़ती अनिश्चितता

# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 16 अप्रैल 2020





मौसम अधिकतम 34.0° न्यूनतम 21.0°

30379.81

2 पाक में मेरा तजुर्बा सबसे ज्यादा, ट्रोल

7 टी20 विश्व कप रद्द नहीं करोः हॉग

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना से 11,439 बीमार, 377 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देशभर में लॉकडाउन का आज से दूसरा चरण शुरू हो चुका है। इस बीच देश में कोरोना वायरस संक्रमण का आंकड़ा 11 हजार को पार कर चुका है। पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 1076 नए मामले सामने आए हैं और 38 लोगों की मौत हो चुकी है। अब देश में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल केस 11,439 हो चुके हैं। इनमें से 1306 इलाज के बाद ठीक हो चुके हैं जबकि 377 की मौत हो चुकी है। 9,756 लोगों का अब भी इलाज जारी है। इनमें से 76 विदेशी नागरिक हैं।

### आईएमडी की भविष्यवाणी– इस साल सामान्य रहेगा मॉनसून

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी के बीच एक अच्छी खबर है। देश में इस बार मॉनसून सामान्य रहेगा। भारतीय मौसम विभाग ने बुधवार को 2020 के लिए मॉनसून से जुड़े पहले पूर्वानुमान को जारी किया। उसने इस सीजन में सामान्य मॉनसून की भविष्यवाणी की है। देश के अलग–अलग हिस्सों में मॉनसून अलग–अलग वक्त पर आता और लौटता है। हालांकि, केरल में मॉनसून 1 जून को ही दस्तक देगा। आम तौर पर देश में मॉनसून 1 जून के आस–पास केरल के तट पर दस्तक देता है।

### मुंबई के 9 हॉटस्पॉट में ही हजार से ज्यादा कोरोना मरीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। कोरोना वायरस का संक्रमण मुंबई में तेजी से फैलता जा रहा है। राज्य सरकार और बीएमसी की लाख कोशिशों के बावजूद वायरस के फैलने पर अब तक ब्रेक नहीं लग पाया है। यह वायरस महानगर के लोगों को कितनी तेजी से अपनी चपेट में ले रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 13 अप्रैल तक यहां के सभी 24 वॉर्ड में मरीजों की कुल संख्या 1,549 थी, जिसमें से 1,038 सिर्फ 9 वॉर्ड में पाए गए हैं।

# 50 फीसदी इकॉनमी हो गई अनलॉक

## 20 अप्रैल के बाद कहां होगा काम शुरू और क्या रहेंगे बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नॉवेल कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के प्रयासों के तहत केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संशोधित दिशानिर्देश जारी किए। गृह सचिव अजय भल्ला ने केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों को लिखित तौर पर इन दिशा–निर्देशों के तहत सख्ती से पालन करने का आदेश दिया है।

गृह मंत्रालय ने 20 अप्रैल के बाद जिन इंडस्ट्री को काम करने की अनुमति दी है उनसे कहा है कि अपने यहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए शारीरिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए कार्यालय के भीतर या फिर करीब ही किसी बिल्डिंग में उनके रहने व खाने का उचित इंतजाम वहीं कराएं।

**ई कॉमर्स, कुरियर, आइटी रिपेयर को भी अनुमतिः** 50 फीसद कर्मचारियों के साथ आइटी कंपनियों को काम करने की इजाजत दी गई है। वहीं ई कॉमर्स, कुरियर, आइटी रिपेयर जैसे जरूरी सेवाओं को भी अनुमति दी गई। सभी सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों पर फेस कवर पहनना अनिवार्य है। इसके तहत 20 अप्रैल के बाद बैंक की शाखाएं व एटीएम, बैंकों के लिए काम करने वाले आइटी वेंडर को अनुमति दी गई है। एटीएम ऑपरेशन ओर कैश मैनेजमेंट एजेंसियों को काम करने की इजाजत दे दी गई है।

3 मई तक स्विमिंग पूल, थिएटर, बार, जिम, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल आदि बंद रहेंगे। सभी शैक्षणिक व प्रशिक्षण संस्थान भी बद रहेंगे। इसके अलावा टैक्सी सेवाएं व कैब सेवाओं को भी 3 मई तक इजाजत नहीं दी गई है।

बैंक, बीमा कंपनियों के साथ स्पेयर पार्ट्स, मोटर मेकैनिक, कारपेंटर, प्लंबर, आइटी रिपेयर, इलेक्ट्रिशियन को भी काम करने की अनुमति दी गई है। डीएम की अनुमति से सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक आयोजनों को अनुमति दे दी गई है।

### एमएचए ने जारी की पूरी लिस्ट | कृषि क्षेत्र के लिए बड़ी राहत



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी नवीनतम गाइडलाइन में खेतीकृबाड़ी और इससे जुड़े उद्योग को करीब–करीब अनलॉक कर दिया है। अब न सिर्फ किसान खेती कर सकेंगे बल्कि फलों की खेती या बागवानी, कृषि वानिकी, पशुपालन, मछली पालन और इससे जुड़े अन्य कार्यों को भी छूट मिल गई है। रासायनिक खाद, उन्नत बीज और कीटनाशक बनाने वाली कंपनियां भी चल सकेंगी। इससे देश की आधी जनसंख्या न सिर्फ जुड़ी है बल्कि रोजगार उपलब्ध कराने का भी सबसे बड़ा जरिया है।

### सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर लगेगा जुर्माना

20 अप्रैल के बाद जिन्हें काम करने की छूट दी जाएगी उन्हें पूरा एहतियात बरतना होगा और नियमों के पालन के साथ ही काम करने की अनुमति दी गई है। सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर जुर्माना लगेगा। घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के साथ सभी तरह के परिवहन पर 3 मई तक रोक जारी रहेगी। वहीं हॉट–स्पॉट इलाकों में किसी तरह की छूट नहीं दी जाएगी। इसके अलावा मनरेगा के तहत तमाम एहतियातों व नियमों के पालन के साथ काम करने की अनुमति दी गई है। पहले से खुले पेट्रोल पंप आगे भी ऑपरेशनल रहेंगे। वहीं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डीटूएच व केबल सेवाएं भी जारी रहेंगी। कुछ शर्तों के साथ ट्रकों को आवागमन को अनुमति दी गई है।

## आईपीसी की धारा 304 यानी गैर इरादतन हत्या का भी आरोप

# तबलीगी जमात पर शिकंजा कसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। निजामुद्दीन मरकज में तबलीगी जमात का कार्यक्रम भारत के लिए मुसीबत का सबब बन गया। पूरे देश से सैकड़ों ऐसे मामले आए हैं जो जमात के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इन लोगों ने देश के अलग–अलग हिस्स्रों में जाकर भी कोरोना वायरस फैलाया। तबलीगी जमात के खिलाफ मार्च के आखिर में ही महामारी एक्ट और आईपीसी की कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। अब खबर है कि जमात प्रबंधन के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन) हत्या भी जोड़ दी गई है।

**मौलाना साद का क्वारंटीन खत्मः** तबलीगी जमात मरकज के मुखिया मौलाना मुहम्मद साद कांधलवी का क्वारंटीन पीरियड खत्म हो गया है। आखिरी बार, 28 मार्च को वह दिखाई दिए थे। इसके बाद उनका एक ऑडियो रिलीज किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि वे सेल्फ आइसोलेशन में हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसमें साद का नाम भी है।

**पहले ही मांगी थीं फायनेंशियल डिटेल्सः** पुलिस ने आलमी मरकज और इसके निजामुद्दीन स्थित मुख्यालयों की फंडिंग के स्रोत की जानकारी मांगी। जमात ने पिछले तीन सालों में कितना टैक्स भरा है, उसके बैंक खातों में कहां–कहां से कितने पैसे आए हैं, इन सब डीटेल्स के साथ पैन भी मांगा गया। मरकज के प्रमुख मौलाना साद और छह अन्य सदस्यों से उन विदेशियों और भारतीय जमातियों की लिस्ट भी मांगी गई जिन्होंने 11 से 13 मार्च के दौरान आयोजित जोड़ कार्यक्रम में शिरकत की थी।

**कैसे हुई पहचान?:** निजामुद्दीन क्षेत्र में स्थित कई मोबाइल टावरों की मदद से 14 मार्च से लेकर 22 मार्च तक का एक बड़ा डेटा निकाला गया। ताकि तबलीगी जमात मरकज के आसपास के क्षेत्र में उस दौरान हुए ह्यूमन ट्रैफिक की सही पहचान हो सके, जहां विभिन्न तारीखों में लगभग 7000 जमाती इस धार्मिक बैठक के लिए एकत्रित हुए थे।

### 1890 विदेशी जमातियों के खिलाफ नोटिस

दिल्ली पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद धारा 304 भी जोड़ी। इसके बाद आरोपियों की अग्रिम जमानत मुश्किल हो जाएगी। आपराधिक षडयंत्र का मामला पहले से दर्ज है। क्राइम ब्रांच ने जमात के 1890 विदेशियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। पुलिस का कहना है कि ये वीजा नियमों का उल्लंघन कर कार्यक्रम में शामिल हुए थे। निजामुद्दीन मरकज के 18 लोगों को भी जांच में शामिल होने का नोटिस दिया गया है।



एफआईआर में जोड़ी गई नई धारा

# अली जान मस्जिद में मिले 12 जमाती पॉजिटिव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

लखनऊ। कोरोना वायरस को लेकर उत्तर प्रदेश के लिए चिंताजनक खबर है। अधिकारियों के मुताबिक राजधानी लखनऊ में सदर का इलाका देश का सबसे बड़ा हॉटस्पॉट बन गया है। इस इलाके से मंगलवार को 31 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आने के बाद कुल मरीजों की संख्या 51 हो गई है। अधिकारियों की माने तो देश के किसी भी एक इलाके से इतनी ज्यादा संख्या में कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं मिले हैं।

सदर स्थित अली जान मस्जिद में 12 तबलीगी जमात के लोग ठहरे थे। पुलिस ने उन्हें छापेमारी के बाद वहां से पकड़ा था। सभी 12 जमातियों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई थी। जमातियों की रिपोर्ट आने के बाद जिला प्रशासन ने सदर का यह इलाका पूरी तरह से सील कर दिया था।

▪ताजा रिपोर्ट ने सबको चौंकाया

सदर में तबलीगी जमात के संपर्क में आए लोगों की सैंपलिंग शुरू की गई। जिसके बाद एक के बाद एक मरीज सामने आए। लखनऊ में कुल 31 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले। खास बात यह है कि ये सभी 31 लोग सदर इलाके के ही हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पॉजिटिव लोगों में 5 नाबालिग, 4 महिलाएं और 22 पुरुष शामिल हैं। सभी किसी न किसी तरह से जमातियों की चेन ऑफ ट्रांसमिशन से जुड़े हैं।

# ट्रंप ने रोका डब्ल्यूएचओ का पैसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कोरोना वायरस संकट पर गैर जिम्मेदार तरीके से काम करने का आरोप लगाते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन को दी जाने वाली आर्थिक सहायता पर रोक लगा दी है। ट्रंप ने कहा कि जब तक कोरोना के प्रसार को कम करने को लेकर डब्यूएचओ की भूमिका की समीक्षा नहीं हो जाती, तब तक यह रोक जारी रहेगी।

ट्रंप के इस ऐलान के बाद दुनिया में कोरोना से जंग में बड़ा झटका लगा है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, 'जब तक कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने और इससे निपटने में गंभीर कुप्रबंधन और इसे छुपाने में वैश्विक संस्था की भूमिका का आकलन करने के लिए समीक्षा की जा रही है तब तक आज मैं अपने प्रशासन को डब्ल्यूएचओ के वित्त पोषण को रोकने का निर्देश दे रहा हूं। हर कोई जानता है कि वहां क्या हुआ है।

कोरोना वायरस से जंग में बड़ा झटका

Are you Planning to make a Website or already have ?

If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in